भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1438

जिसका उत्तर मंगलवार, 08 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

भेल में रिक्त पद

1438. श्री सी० आर० चौधरी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 2014-15 से अब तक भेल में रिक्त पड़े हुए पदों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन सभी रिक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है; और

(ग) भेल द्वारा निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में प्राप्त उपलब्धियां क्या हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)

(क) और (ख): भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में 01.04.2014 से विज्ञापित रिक्तियों सहित दिनांक 01.12.2015 तक की मुख्य रिक्तियों तथा समय-सीमा जब तक ये रिक्तियां भर लिए जाने की संभावना है, का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

क. निदेशक मंडल स्तर की रिक्तियां

	31.03.2015 के अनुसार रिक्तियां (संख्या)	01.12.2015 के अनुसार रिक्तियां (संख्या)	अभ्युक्तियां
कार्यात्मक निदेशक	0	1 (निदेशक, वित्त)	फिलहाल, निदेशक (विद्युत), भेल ने निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार धारण किया हुआ है। पद भरे जाने की प्रक्रिया जारी है।
स्वतंत्र निदेशक	6	3	भारी उद्योग विभाग ने भेल के निदेशक मंडल में 3 स्वतंत्र निदेशकों को शामिल करने का आदेश जारी कर दिया है। कंपनी उनको शामिल करने की प्रक्रिया में है। शेष 3 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

ख. कार्यकारी निदेशक (ई9) स्तर की रिक्तियां

स्थिति	31.03.2015 के अनुसार रिक्तियां (संख्या)	01.12.2015 के अनुसार रिक्तियां (संख्या)	अभ्युक्तियां
कार्यकारी निदेशक (ई9)	1	10	इन रिक्तियों को सामान्यतया महाप्रबंधक (ई8) स्तर के आंतरिक अभ्यर्थियों की पदोन्नति द्वारा भरा जाता है। इन रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

ग.   अन्य मुख्य रिक्तियां (01.04.2014 से विज्ञापित)

स्थिति / श्रेणी और कार्य	स्वीकृत संख्या	अभ्युक्तियां
सुरक्षा अधिकारी / ई1	1	फरवरी, 2016 तक पूरा होने की संभावना है।
ई3 – ई5 / ट्रांसफोर्मर ग्रुप	14	फरवरी, 2016 तक पूरा होने की संभावना है।
इंजीनियर/कार्यकारी प्रशिक्षु – शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्लयूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान	34	फरवरी, 2016 तक पूरा होने की संभावना है।
इंजीनियर प्रशिक्षु (ईटी) / इंजीनियरिंग	200	अगस्त, 2016 तक पूरा होने की संभावना है।

नोट : भेल में, महाप्रबंधकों (ई8) के स्तर से नीचे की जनशक्ति का विस्तार तथा/अथवा इष्टतमीकरण बदलते कारोबारी परिदृश्य के अनुरूप किया जाता है। अतः इस प्रकार की जनशक्ति स्वीकृतियां रिक्ति आधारित नहीं होती हैं। प्रयास किया जाता है कि जनशक्ति संबंधी आवश्यकताएं मौजूदा जनशक्ति में से पुनः तैनाती के द्वारा पूरी कर ली जाएं, और यदि आवश्यक हो, तो तत्पश्चात् बाहर से भर्ती की जाती है।

(ग): भेल के उत्पादन लक्ष्यों और उन लक्ष्यों की तद्नुरूपी उपलब्धियों को कंपनी के वार्षिक कारोबार में दर्शाया गया है। इस संबंध में गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष अर्थात् 2012-13, 2013-14, 2014-15 और 2015-16 (दूसरी तिमाही तक) के दौरान का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष अर्थात् 2012-13, 2013-14, 2014-15 और 2015-16 (दूसरी तिमाही तक) के दौरान उत्पादन लक्ष्यों और उपलब्धियों का ब्यौराः-

राशि ₹ करोड़ में

वित्तीय कारोबार : भेल	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
लक्ष्य (समझौता ज्ञापन के अनुसार)	47,000	43,000	45,600	46,073 (संपूर्ण वर्ष)
वास्तविक	50,156	40,338	30,947	10,694 (दूसरी तिमाही तक)

*****